E Mail

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/वित्त/बैंक/ 1304 भोपाल, दिनांक-02/12/2021

प्रति,

संयुक्त संचालक/उपसंचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय
समस्त ....

विषय:- जिला सहकारी बैंक/केन्द्रीय बैंक के माध्यम से आर.टी.जी.एस करने में असमर्थता व्यक्त करने के सम्बन्ध में।

विषयान्तार्गत लेख है कि प्रदेश की मंडी समितियों में मंडी शुल्क की राशि मंडी स्तर पर स्थित जिला सहकारी बैंक/केन्द्रीय बैंक में जमा की जाती है तथा जिला सहकारी बैंक में ही सावधि जमा की राशि भी जमा की जाती है किन्तु प्रदेश की कतिपय मंडी समितियों से वर्तमान में जानकारी प्राप्त हुई है कि सहकारी बैंक शाखा से लेन-देन बंद होने के कारण राशि रु- 2,00,000/- अथवा अधिक का चालान/ आर.टी.जी.एस करने में शाखाओं को कठिनाई उत्पन्न हो रही है इसके फलस्वरूप मंडी समितियों के द्वारा खाते में पर्याप्त राशि जमा होने के पश्चात भी बोर्ड शुल्क, बोर्ड ऋण, किसान सड़क निधि, पेंशन निधि, परिभाषित पेंशन निधि की राशि बोर्ड को प्रेषित नहीं की जा रही है तथा मंडी समितियों को आहरण करने में भी अत्यंत कठिनाई हो रही है। मंडी समितियों द्वारा इस सम्बन्ध में मार्गदर्शन के साथ साथ राष्ट्रीकृत बैंक में खाता खोलने की अनुमति चाही गयी है।

अतः आपके अधीनस्थ संभाग की मंडी समितियों में यदि उपरोक्त कठिनाईयां उत्पन्न हो रही है के आशय का मंडी समिति के पत्र के साथ बैंक के उत्तर तथा मंडी समिति के बैंक खाते में जमा राशि का विवरण निर्धारित प्रपत्र में जानकारी अभिमत सहित आज ही ई-मेल : adfmpsamb@gmail.com पर जानकारी भेजना सुनिश्चित करें तदनुसार तत्काल कार्यवाही की जा सके।

संलग्न: प्रपत्र

(दिनेश द्विवेदी)
अपर संचालक(वित्त)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/वित्त/बैंक/ 1305 भोपाल, दिनांक-02/12/2021

प्रतिलिपि:-

1. भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति समस्त की ओर लेख है कि उपरोक्त जानकारी आज ही ई-मेल पर भेजने की व्यवस्था करावें।
2. सचिव, कृषि समस्तउपज मंडी समिति समस्त की ओर लेख है कि उपरोक्त जानकारी आज ही संयुक्त संचालक/उपसंचालक के माध्यम से ई-मेल पर भेजने की व्यवस्था करावें।

अपर संचालक(वित्त)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

Email
O/C

निर्धारित प्रपत्र

कृषि उपज मंडी समिति .... जिला ....

मंडी समिति में जिला सहकारी बैंक/केन्द्रीय बैंक में जमा निधि की जानकारी (राशि लाख में)

क्रमांक	वैधानिक निधि का नाम	खाता क्रमांक	सावधी निधि में जमा राशि	बचत खाते में जमा राशि	रिमार्क

लेखापाल
कृषि उपज मंडी समिति ......
जिला.........

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति ....
जिला.........